Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 330 रायपुर, गुरुवार 25 दिसम्बर 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

ब्रेकिंग न्यूज

धान खरीदी में लापरवाही बरतने 2 पटवारी निलंबित, आदेश जारी

बलरामपुर, 25 दिसंबर (हाईवे चैनल)। धान खरीदी कार्य में लापरवाही करने वाले 2 पटवारियों के खिलाफ बलरामपुर कलेक्टर ने सख्त रुख अपनाया है. कलेक्टर ने तहसील रामचंद्रपुर में पदस्थ पटवारी बंधन राम और तहसील रामानुजगंज में पदस्थ पटवारी विजय यादव को निलंबित कर दिया है। जारी आदेश में बताया गया है कि धान खरीदी वर्ष 2025ङ्क26 के दौरान संबंधित पटवारियों द्वारा अपने कर्तव्यों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही बरती गई, जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियमों के विपरीत है. इस लापरवाही को गंभीर मानते हुए कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत कार्रवाई करते हुए दोनों पटवारियों को निलंबित किया है। निलंबन अवधि में पटवारी बंधन राम का मुख्यालय तहसील कार्यालय कुसमी तथा पटवारी विजय यादव का मुख्यालय तहसील कार्यालय शंकरगढ़ निर्धारित किया गया है. आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि निलंबन अवधि के दौरान दोनों को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

नायब तहसीलदार से मारपीट मामले में थाना प्रभारी लाइन हाजिर, रक्षित केंद्र अटैच

बिलासपुर, 25 दिसंबर (हाईवे चैनल)। कोटा के मौजूदा थाना प्रभारी और विवादित पुलिस अफसर तोष सिंह नवरंग को हटा दिया गया है। कोटा थाने का प्रभार वापस लेते हुए उन्हें लाइन अटैच कर दिया गया है। बिलासपुर एसएसपी कार्यालय की तरफ से इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। उनकी जगह पर कोटा थाने का इंचार्ज नरेश चौहान को सौंपा गया है। गौरतलब है कि, पिछले साल नवंबर महीने में सरकंडा थाना में रहते हुए टीआई तोप सिंह नवरंग पर बस्तर जिले के करपावंड में पदस्थ? नायब तहसीलदार पुष्पेंद्र मिश्रा और उनके इंजीनियर? भाई के साथ दुर्व्यवहार-मारपीट के आरोप लगे थे। इस घटना का वीडियो और ऑडियो भी वायरल हुआ था। मामला सामने आने पर छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ ने टीआई के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। इसके चलते आईजी डॉ. संजीव शुक्ला ने टीआई नवरंग को लाइन अटैच कर दिया था। साथ ही विभागीय जांच के आदेश भी दिए थे। बाद में उन्हें जांजगीर-चांपा जिला भेज दिया गया था। हालाँकि बाद में पुलिस विभाग ने उन्हें जांच में क्लीन चिट दे दी थी। बाद में उन्हें फिर से बिलासपुर बुला लिया गया था, जिसके बाद करीब 8 महीने पहले टीआई तोप सिंह नवरंग को कोटा थाने का प्रभार दिया गया था।

कैंप कोड़नार में जवान ने खुद को मारी गोली

नारायणपुर, 25 दिसंबर (हाईवे चैनल)। नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ इलाके के कैंप कोड़नार में एक जवान ने खुद को गोली मार ली. घायल जवान का नाम विनगल कुमार जूरी बताया जा रहा. घायल जवान को अस्पताल ले जाया गया है।

चूहा- सुनती हो, महाराष्ट्र में दोनों भाई उद्धव और राज ठाकरे अब फिर एक ही थाली में खाना खाने तैयार हो गए हैं।

चुहिया- हां जी, निकाय चुनाव में तो लड्डू नहीं मिला, बीएमसी चुनाव में ही शायद मिल जाए...!

कंधमाल में नक्सलियों के खिलाफ बड़ा ऑपरेशन

सीसी मेंबर गणेश के साथ छह नक्सली ढेर

जगदलपुर, 25 दिसंबर (हाईवे चैनल)। ओडिशा के कंधमाल जिले में नक्सलियों के खिलाफ एक बड़े ऑपरेशन में जवानों ने 2 महिला और 4 पुरुष सहित 6 नक्सलियों को मार गिराया है. मारे गए नक्सलियों में सेंट्रल कमेटी मेंबर गणेश उईके के अलावा एरिया कमेटी मेंबर बारी उर्फ राकेश शामिल है।

कंधमाल जिले के चाकापाड़ इलाके में जवानों की नक्सलियों से जबरदस्त मुठभेड़ बीती रात से जारी है. बीती रात जहां सुरक्षा बल के जवानों ने दो नक्सलियों को मार गिराया था, जिनमें सुकमा का रहने वाला एरिया कमेटी मेंबर और बीजापुर का अमृत दलगम सदस्य बारी उर्फ राकेश शामिल था. दोनों पर नक्सलियों पर कुल 23 लाख 65 हजार रुपए का इनाम घोषित था. मौके से दो हथियार बरामद किए गए। वहीं आज सुबह मुठभेड़ में दो महिला और दो पुरुष नक्सलियों को मार गिराने में कामयाबी हासिल की. इनमें से एक सीसी मेंबर गणेश उईके भी शामिल है. गणेश उईके की 7 राज्यों में तलाश थी. तेलंगाना के नलगोंडा जिले का रहने वाला गणेश उईके साउथ सब जोनल का इंचार्ज था। ऑपरेशन में ओडिशा की स्पेशल फोर्स एसओजी की 20 टीमें व सीआरपीएफ की 3 टीमें मौजूद उड़ीसा पुलिस के डीआईजी ऑपरेशन आईपीएस अखिलेश्वर सिंह व कंधमाल एसपी पूरे ऑपरेशन की मॉनिटरिंग कर रहे हैं. मौके से दो नग इंसास राइफल व एक नग 303 रायफल बरामद किया है।

सुशासन दिवस पर अटल बिहारी वाजपेयी को राष्ट्रपति-पीएम ने दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली, 25 दिसंबर (न्यूज चैनल)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजनई दिल्ली, 25 दिसंबर (न्यूज चैनल)। पा के कई अन्य वरिष्ठ नेताओं ने दिल्ली स्थित सदैव अटल स्मारक पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित भाजपा के कई नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि दी।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक पोस्ट में अटल बिहारी वाजपेयी को एक ऐसे राजनेता के रूप में वर्णित किया, जिनका आचरण, गरिमा और राष्ट्रहित के प्रति अटूट प्रतिबद्धता भारतीय राजनीति के लिए एक मिसाल कायम करती है।

एक अन्य पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि अटल जी का जीवन राष्ट्र को प्रेरित करता रहेगा और उन्होंने कहा कि नेतृत्व पद से नहीं, बल्कि आचरण से परिभाषित होता है। संस्कृत के एक सुभाषित का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि महान नेताओं के कर्म समाज का मार्गदर्शन करते हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता प्रदेश के लिए पथप्रदर्शकः विष्णुदेव साय

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर मनाए जा रहे सुशासन दिवस आज 25 दिसंबर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि अटलजी का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, लोकतांत्रिक मूल्यों और सुशासन के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा है। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया। जिससे प्रदेश आज खुशहाल है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी केवल एक महान राजनेता ही नहीं, बल्कि संवेदनशील कवि, दूरदर्शी विचारक और जनकल्याण को सर्वोपरि रखने वाले प्रधानमंत्री थे। उनके नेतृत्व में देश ने सुशासन, पारदर्शिता और विकास की नई दिशा प्राप्त की। अंत्योदय की भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का उनका दृष्टिकोण आज भी हमारी शासन-नीति का आधार है।

बीजापुर में सीबीआई का छापाः रिश्वत लेते एसडीआई समेत पोस्ट ऑफिस के 4 कर्मचारियों को पकड़ा रंगे हाथों

बीजापुर, 25 दिसंबर (हाईवे चैनल)। बीजापुर नगर में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ताज होटल में छापा मारा है. इस दौरान डाक विभाग से जुड़े चार कर्मचारियों को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया. सीबीआई की यह कार्रवाई गुरुवार रात करीब 8.30 बजे की बताई जा रही है, जब टीम ने आरोपियों के पास से 40 हजार रुपये नकद बरामद किए।

पकड़े गए आरोपियों में पोस्ट ऑफिस सब डिवीजन इंस्पेक्टर (एसडीआई) शास्त्री कुमार पैंकरा के साथ ही मलोत शोभन, अंबेडकर सिंह और संतोष एंड्रिक शामिल हैं. कार्रवाई के बाद सीबीआई की टीम चारों आरोपियों को अपने साथ लेकर पूछताछ कर रही है. मामले को लेकर डाक विभाग सहित शहर में हड़कंप मचा हुआ है और आगे की जांच जारी है।

पीएम मोदी दिल्ली के कैथेड्रल चर्च ऑफ द रिडेम्पशन पहुंचे, प्रधानमंत्री के लिए की गई विशेष प्रार्थना

नई दिल्ली, 25 दिसंबर (न्यूज चैनल)। आज क्रिसमस 2025 के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के कैथेड्रल चर्च ऑफ द रिडेम्पशन में दिल्ली और उत्तर भारत के असंख्य ईसाई समुदाय के साथ क्रिसमस की सुबह की प्रार्थना सभा में भाग लिया। इस प्रार्थना सभा में प्रार्थना, कैरल, भजन और दिल्ली के बिशप, रेवरेंड डॉ. पॉल स्वरूप द्वारा प्रधानमंत्री के लिए विशेष प्रार्थना शामिल थी। वहीं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा- मैंने दिल्ली के कैथेड्रल चर्च ऑफ द रिडेम्पशन में क्रिसमस की सुबह की प्रार्थना सभा में भाग लिया। प्रार्थना सभा में प्रेम, शांति और करुणा का शाश्वत संदेश झलक रहा था।

ट्रक से टक्कर के बाद बस बना आग का गोला जिंदा जले 9 यात्री, मची चीख-पुकार

नई दिल्ली, 25 दिसंबर (न्यूज चैनल)। कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले में बुधवार देर रात एक ऐसा मंजर देखने को मिला जिसने देखने वालों की रूह कंपा दी। नेशनल हाईवे-48 पर एक प्राइवेट स्लीपर बस और ट्रक के बीच भीषण भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस में तुरंत आग लग गई और देखते ही देखते वह धू-धू कर जलने लगी। इस दिल दहला देने वाले हादसे में 9 यात्रियों की जलकर मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब प्राइवेट स्लीपर बस बेंगलुरु से शिवमोग्गा की ओर जा रही थी। हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने बस को टक्कर मारी। टक्कर लगते ही बस के डीजल टैंक या शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि अंदर सो रहे यात्रियों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। बताया जा रहा है कि बस में सवार कुछ यात्री खिड़की तोड़कर और दरवाजा खोलकर समय रहते बाहर निकलने में कामयाब रहे जिससे उनकी जान बच गई।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस बल और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड ने काफी मशक्कत के बाद बस में लगी भीषण आग पर काबू पाया लेकिन तब तक बस पूरी तरह लोहे के ढांचे में तब्दील हो चुकी थी।

युवक ने दोस्त पर रॉड से किया जानलेवा हमला, मौत के बाद लाश के पास बैठकर रोता रहा, पुलिस ने किया गिरफ्तार

शराब के साथ चखने में ठंडा भजिया लाने पर हुआ विवाद

रायपुर, 25 दिसंबर (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर के खम्हारडीह थाना क्षेत्र में दोस्ती को शर्मसार कर देने वाली सनसनीखेज वारदात सामने आई है। मामूली-सी बात को लेकर हुए विवाद ने एक युवक की जान ले ली। घटना का लाइव वीडियो भी सामने आया है, जिसने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया है।

यह घटना 23-24 दिसंबर 2025 की दरम्यानी रात की है। कचना स्थित साहू दूध डेयरी में काम करने वाले सनी साहू और दुर्गेश सतनामी आपस में अच्छे दोस्त थे। दोनों उसी डेयरी परिसर में रहते थे। रात में दोनों ने पहले से शराब पी रखी थी और फिर डेयरी में बैठकर दोबारा शराब सेवन कर रहे थे। इसी दौरान दुर्गेश सतनामी खाने के लिए भजिया लेकर आया। भजिया ठंडा होने की बात को लेकर सनी साहू ने विवाद शुरू कर दिया। नशे में बहस इतनी बढ़ गई कि सनी साहू ने पास पड़ी लोहे की रॉड उठाकर दुर्गेश सतनामी पर जोरदार वार कर दिया। सिर पर गंभीर चोट लगने से दुर्गेश वहीं बेहोश होकर गिर पड़ा। घटना के बाद सनी साहू खुद दुर्गेश को उपचार के लिए मेकाहारा अस्पताल लेकर पहुंचा। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दुर्गेश सतनामी को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी अस्पताल परिसर में मृतक के शव के पास बैठकर फूट-फूटकर रोता रहा और अपने कृत्य पर पछतावा जताता रहा। इस वारदात का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना खम्हारडीह पुलिस और एंटी क्राइम एवं साइबर यूनिट की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई की। आरोपी सनी साहू को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड भी जब्त कर ली है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना खम्हारडीह में धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत हत्या का मामला दर्ज किया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी सनी साहू (उम्र 22 वर्ष), पिता राजेश साहू थाना खम्हारडीह के अंतर्गत दुर्गा चौक स्थित शनि मंदिर के पास रहता है। जबकि, मृतक दुर्गेश सतनामी (उम्र 40 साल), पिता मोहन सतनामी थाना खम्हारडीह के कचना इलाके का रहने वाला था। पुलिस के अनुसार दोनों युवक एक-दूसरे के अच्छे दोस्त थे और साथ काम करते थे। लेकिन शराब और गुस्से ने दोस्ती को पलभर में खून में बदल दिया। यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि नशे और छोटी-सी बात पर हुआ विवाद कितना भयावह अंजाम ले सकता है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और लाइव वीडियो की भी सत्यता और स्रोत की पड़ताल की जा रही है।

युक्तियुक्तकरण के बाद पदभार ग्रहण नहीं करने वाले शिक्षकों पर गिरेगी गाज

रायपुर, 25 दिसंबर (हाईवे चैनल)। शिक्षक युक्तियुक्तकरण को करीब छह माह हो गए है. इसके बाद भी जिले के 11 शिक्षकों ने नए स्कूलों में अभी तक ज्वाइनिंग नहीं दी है. जबकि उनका अभ्यावेदन अमान्य घोषित हो चुका है. ऐसे शिक्षकों के कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है. इसलिए जेडी ने उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए जांच दल का गठन किया है. जिसका जिम्मा डीईओ और बीईओ को सौंपा गया है. इससे पदभार ग्रहण नहीं करने वाले शिक्षकों में हड़कम्प मच गया है।

शासन के आदेश पर जिले में जून माह में शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया गया. इसमें शहर और आसपास के स्कूलों में आवश्यकता से अधिक पदस्थ शिक्षकों को शिक्षक विहीन और एकल शिक्षकीय स्कूल में भेजा गया. जिले में करीब साढ़े सात सौ शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया गया. इसके पहले से रोका जा चुका है. इसके बाद भी शिक्षक नए स्कूल में उपस्थित दर्ज नहीं करा रहे है. ऐसे शिक्षकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी गई है. इसके खिलाफ कई शिक्षक हाईकोर्ट गए. वहां से कई को राहत मिली. वहीं जिला और संभाग स्तरीय कमेटी के समक्ष भी उन्होंने हाईकोर्ट के निर्देश पर अभ्यावेदन प्रस्तुत किया। इसमें जिले के मिडिल स्कूल के 11 शिक्षकों को राहत नहीं मिली. उनका आवेदन अमान्य कर दिया गया. इसके बाद भी उन्होंने युक्तियुक्तकरण के छह माह बाद भी नए स्कूलों में ज्वाइनिंग नहीं दी है. शासन के आदेश पर उनका वेतन लिए जेडी आरपी आदित्य ने संभाग के पदभार ग्रहण नहीं करने वाले शिक्षकों के खिलाफ जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का आदेश डीईओ और बीईओ को सौपा है. उसके खिलाफ ऐसे शिक्षकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कहीं जा रही है. जिसमें उनकी नौकरी भी जा सकती है।

युक्तियुक्तकरण करने के बाद दूर-दराज के स्कूल में शिक्षक जाना नहीं चाह रहे है. उनके खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश जारी किया गया है. इसके बाद भी जिले से कोई कार्रवाई नहीं हो रही थी. शिक्षकों को निलंबित करने से उनको फायदा है. इसलिए जेडी ने उनके खिलाफ जांच दल बनाकर कड़ी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है. जिसमें शासन को बखांस्ती की अनुशंसा भी की जा सकती है. नहीं तो क्रेक सर्विस भी करने की बात कहीं जा रही है। वहीं जिले के प्राइमरी स्कूल के 9 शिक्षकों ने युक्तियुक्तकरण में नई पोस्टिंग मिलने के बाद भी पदभार ग्रहण नहीं किया गया है. उनके खिलाफ जिला शिक्षा अधिकारी को दल बनाकर अनुशासनात्मक कार्रवाई करनी है. लेकिन डीईओ उस ओर ध्यान नहीं दे रहे है. संयुक्त संचालक ने डीईओ को पदभार ग्रहण नहीं करने वाले सहायक शिक्षकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है. इसलिए अब उनके खिलाफ भी जल्द जांच दल बनेगा।

भीषण भूकंप से डोली धरती! ताश के पत्तों की तरह हिलने लगी ऊंची इमारतें

नई दिल्ली, 25 दिसंबर (न्यूज चैनल)। क्रिसमस की पूर्व संध्या पर ताइवान में प्रकृति का कहर देखने को मिला। बुधवार (24 दिसंबर, 2025) को द्वीप के दक्षिण-पूर्वी हिस्से से लेकर राजधानी ताइपे तक भूकंप के दो शक्तिशाली झटकों ने लोगों को दहशत में डाल दिया। रिक्टर स्केल पर मुख्य झटके की तीव्रता 6.1 मापी गई है जिससे ऊंची इमारतें ताश के पत्तों की तरह हिलने लगीं। ताइवान की सेंट्रल वेदर एडमिनिस्ट्रेशन के अनुसार धरती एक के बाद एक दो बार कांपी, पहला झटका (5.7 तीव्रता)= इसका केंद्र जमीन से मात्र 10 किलोमीटर नीचे था। कम गहराई होने के कारण झटके बेहद जोरदार महसूस किए गए। दूसरा झटका (6.1 तीव्रता)= यह सबसे शक्तिशाली झटका था जिसका केंद्र ताइवान के दक्षिण-पूर्वी तट पर स्थित तैटुंग काउंटी में दर्ज किया गया।

जैसे ही भूकंप आया राजधानी ताइपे के दफ्तरों और ऊंची इमारतों में काम कर रहे लोग जान बचाने के लिए सड़कों पर दौड़ पड़े। मेट्रो सेवाओं को कुछ समय के लिए धीमा कर दिया गया। गनीमत यह रही कि अब तक किसी के हताहत होने या किसी बड़ी इमारत के गिरने की खबर सामने नहीं आई है। प्रशासन फिलहाल नुकसान का आकलन कर रहा है। इस झटके ने अप्रैल 2024 में आए 7.4 तीव्रता के उस विनाशकारी भूकंप की यादें ताजा कर दीं जिसमें 17 लोगों की जान गई थी। ताइवान भौगोलिक रूप से दो टेक्टोनिक प्लेटों के मिलन स्थल पर स्थित है जिसे रिंग ऑफ फायर कहा जाता है। यही कारण है कि यहां भूकंप का खतरा हमेशा बना रहता है। इससे पहले 1999 में आए 7.6 तीव्रता के भूकंप ने यहां सबसे बड़ी तबाही मचाई थी।